**Regarding introduction of new trains for Maharajganj Parliamentary Constituency, Bihar.-laid**

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल **(महाराजगंज) :** मेरा संसदीय लोकसभा क्षेत्र महाराजगंज,बिहार सारण जिला(छपरा) एवं सिवान जिला के अंतर्गत परिसीमित है। इन दोनों जिलों सहित आसपास के कई क्षेत्रों के लोगों के लिए बिहार की राजधानी पटना तक कार्यालीय समय अनुसार रेल यात्रा की सुविधा न के बराबर है। इसलिय रेल यात्रियों की सुविधा के लिए पटना/पाटलिपुत्र तक विभिन्न रेल मार्गो से नयी ट्रेनों का संचालन जनहित में अतिआवश्यक है जैसे:-

1. सिवान दरौंदा- महाराजगंज-मशरख होते हुए पटना के लिए नमों भारत एवं डी.एमयू ट्रेन चलाया जाए।

2. सिवान से चैनवा, एकमा,दाउदपुर,कोपा-सम्होता,छपरा होते हुए पटना के लिए डी.एमयू एवं नमों भारत ट्रेन चलाया जाए।

3. मशरख जंक्शन से बसंतपुर,महाराजगंज,दरौंदा,चैनवा,एकमा,कोपा-सम्होता,छपरा होते हुए पाटलिपुत्रा/पटना जंक्शन तक डी.म.यू चलवाया जाये।

4. गोरखपुर से सिवान,एकमा छपरा होते हुए पाटलिपुत्र/पटना वन्दे भारत ट्रेन चलाया जाए। अतः रेल मंत्री जी से आग्रह है कि उपरोक्त रेल मार्गो से नई ट्रेनों का संचालन कराया जाये।